**MFL India Limited**
**(CIN: L63040DL1981PLC012730)**
**Regd. Office: P-56, P Block, Pandav Nagar, Mayur Vihar Phase -1, East Delhi-110091**
**Website: www.mflindia.co.in Contact No +91-011-41425137**

**MFL/BSE//2025-26** **Date: 14.02.2026**

To
The Dy. General Manager,
Department of Corporate Services
The Bombay Stock Exchange Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai 400001

**Subject : Intimation for Published Financial Result in the News Paper.**

**Ref. : Scrip Code No. 526622**

Dear Sir,

Please find attached herewith News Paper clipping for published financial result for the quarter ended 31st December, 2025 in Financial Express (English) and Metro Media (Hindi) on dated 14th February, 2026 for your kind information and record.

Kindly acknowledge the above and take on record.

Yours Faithfully
For MFL India Limited

Anil Thukral
Digitally signed by Anil Thukral
Date: 2026.02.14 12:36:46 +05'30'

**Name-** Anil Thukral
**Designation-** Managing Director
**DIN:** 01168540
**Address:** P-56, P Block, Pandav Nagar
Mayur Vihar Phase-1, East Delhi-110091

# स्कॉटलैंड पर बड़ी जीत से अपना अभियान पटरी पर लाना चाहेगा इंग्लैंड

**कोलकाता, एजेंसी।**




अब तक अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर आठ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी।

वेस्टइंडीज लगातार दो जीत के साथ इस ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक-एक जीत हासिल की है। नेट रन रेट के आधार पर स्कॉटलैंड ने इटली पर मिली बड़ी जीत से दूसरा स्थान हासिल किया है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है क्योंकि इन दोनों टीम से अपने अंतिम ग्रुप मैच जीत हासिल करने की उम्मीद है। अपने अंतिम लीग मैच में स्कॉटलैंड का सामना नेपाल से और इंग्लैंड का इटली से होगा। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता लंबे समय से चली आ रही है। स्कॉटलैंड ने कुछ अवसरों पर इंग्लैंड को हराया भी है और उसकी टीम इस मैच में अपने उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। स्कॉटलैंड के सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुन्सी और माइकल जोन्स ने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

## भारत ने 25 मीटर सेंटर फायर में किया क्लीन स्वीप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्टार पिस्टल निशानेबाज अमनप्रीत सिंह ने अपने कैरियर का सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई चैम्पियनशिप के आखिरी दिन शुक्रवार को 25 मीटर सेंटर फायर में स्वर्ण जीता और इस स्पर्धा के तीनों पदक भारत की झोली में गिरे । अड़तीस वर्ष के अमनप्रीत ने 589 अंक लेकर स्वर्ण अपने नाम किया जबकि ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 584 अंक के साथ रजत पदक जीता और अंकुर गोयल को 570 अंक के साथ कांस्य पदक मिला। भारतीय तिकड़ी ने टीम वर्ग में भी पीला तमगा अपने नाम किया जबकि वियतनाम को रजत पदक मिला। भारत ने आखिरी दिन सात पदक जीते और टीम ने 13 स्वर्ण, 11 रजत और नौ कांस्य समेत 33 पदक जीते।

# वीरेंद्र कत्याल ने गौतम गंभीर से भेंट की

**नई दिल्ली,मेट्रो मीडिया।**



डीडीसीए के निदेशक पूर्व भारतीय टीम के पूर्व मैनेजर वीरेंद्र कत्याल ने भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गभीर से मुलाकात कर उन्हें टी20 विश्व कप के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विकास कट्याल ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में टीम की तैयारियों पर विश्वास जताते हुए विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद व्यक्त की।

# अमेरिका ने नीदरलैंड को 93 रन से हराकर पहली जीत दर्ज की

**नीदरलैंड का कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सका। उसके लिए बास डि लीडे 23 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे**

**चेन्नई, एजेंसी।**




अमेरिका ने साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन) के अर्धशतक और बाएं हाथ के स्पिनर हरमीत सिंह (21 रन देकर चार विकेट) के चार विकेट की मदद से शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में नीदरलैंड को 93 रन से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की। अमेरिका की यह नीदरलैंड पर टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली जीत है।

मुक्कमल्ला और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी से अमेरिका ने छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे।

फिर पूर्व भारतीय अंडर-19 स्टार हरमीत के चार ओवर में चार विकेट और शाडली वान शाल्कविक के 2.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट झटकने से अमेरिका ने नीदरलैंड को 15.5 ओवर में महज 103 रन पर समेट दिया।

हरमीत का यह प्रदर्शन अमेरिका के लिए टी20 विश्व कप मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा। मोहम्मद मोहसिन ने तीन ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके। बाएं हाथ के स्पिन नोसतुश केंजिगे को भी एक विकेट मिला।

नीदरलैंड का कोई भी बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सका। उसके लिए बास डि लीडे 23 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एड्वर्ड्स ने 20 रन का योगदान दिया। इससे पहले मुक्कमल्ला ने कप्तान मोनंक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण की क्रिकेट अकादमी में ट्रेनिंग ले चुके मुक्कमल्ला की बल्लेबाजी की खासियत उनके 'ऑफ-साइड' पर लगाए गए शॉट रहे जिसमें कवर्स के ऊपर लगे छक्के शामिल थे। वहीं रंजने ने पारी के अंत में नीदरलैंड के गेंदबाजों की योजना को असफल करते हुए रन जुटाए। पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक जड़ने वाले रंजने अच्छी फॉर्म में थे।

जब दोनों खेल रहे थे तो लग रहा था कि स्कोर 200 रन के पार हो जाएगा। हालांकि लोगान वान बीक और बास डि लीडे ने धीमी पिच का फायदा उठाते हुए उन्हें इससे पहले ही रोक दिया। नीदरलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम डि लीडे के बेटे डि लीडे ने अपने चार ओवर में 37 रन देकर तीन विकेट लिए।


## यूएई ने कनाडा को पांच विकेट से हराया

**देवेंद्र सिंह तोमर। नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** जुनैद सिद्दीकी (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद आर्यंष शर्मा (नाबाद 74) और सोहैब खान (51) की आतिशी अर्धशतकीय परियों की बदौलत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने शुक्रवार को टी-20 विश्वकप के 20वें मुकाबले में कनाडा को दो गेंदे शेष रहते पांच विकेट से शिकस्त दी। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई की शुरुआत खराब रही और उसने 66 के स्कोर तक अपने चार विकेट गंवा दिये। कप्तान मुहम्मद वसीम (चार), आलीशान शराफु (पांच), मयंक कुमार (चार) और हर्षित कौशिक पांच रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय आर्यंष शर्मा और सोहैब खान जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट लिये 84 रनों की साझेदारी हुई। 20वें ओवर में सोहैब खान विजयी शॉट मारने के चक्कर में कैच आउट हुये। सोहैब खान 29 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 51 रनों की पारी खेली। यूएई ने 19.4 ओवरा में पांच विकेट पर 154 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से अपने नाम किया। आर्यंष शर्मा ने 53 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए नाबाद 74 रनों की पारी खेली।

कनाडा के लिए साद बिन जफर ने तीन विकेट लिये। कलीम सना और जसकरण सिंह ने एक- एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले हर्ष ठाकर (50) और नवनीत धालीवाल (34 ) के दमदार प्रदर्शन की बदौलत कनाडा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ सात विकेट पर 150 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने 38 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये।

# म्बोको ने रयबाकिना को हराकर सेमीफ़ाइनल में जगह बनाई

**दोहा, एजेंसी।**



पिछले कुछ महीनों में, विक्टोरिया म्बोको ने टॉप 15 में पहुँचने के दौरान कई मौकों पर चैंपियन वाली सोच दिखाई है। कनाडा की इस टीनेजर ने शुक्रवार को कतर टोटल एनर्जीज़ ओपन में इसे फिर से दिखाया, फ़ाइनल सेट में ब्रेक डाउन से उबरकर दूसरी सीड और मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलेना रयबाकिना को क्वार्टरफ़ाइनल में बाहर कर दिया।

म्बोको, जो अभी नंबर 13 पर हैं, पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में नेशनल बैंक ओपन में अपने सफल टाइटल रन के रास्ते में रयबाकिना को पहले ही हरा चुकी थीं।

लेकिन यह वर्ल्ड नंबर 3 थीं जिन्होंने पिछले साल वाशिंगटन और टोक्यो में म्बोको को हराने के बाद अपने हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 2-1 की बढ़त के साथ मैच में एंट्री की थी। उनकी नई दुश्मनी का चौथा चैप्टर तब शुरू हुआ जब म्बोको ने 2-0 की बढ़त बना ली, लेकिन रयबाकिना ने अगले छह में से पांच गेम जीतकर 5-3 की बढ़त बना ली।

लेकिन कनाडाई खिलाड़ी ने फिर से मोमेंटम बदला, लगातार चार गेम जीतकर पहला सेट 7-5 से अपने नाम कर लिया।

# जिम्बाब्वे ने आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर उलटफेर किया

**कोलंबो, एजेंसी।**




सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट की नाबाद 64 रन की पारी तथा तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक गेंदबाजी की मदद से जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को यहां पूर्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 विश्व कप में बड़ा उलटफेर किया।

जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई।

मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से केवल मैट रेनशॉ ही संघर्ष कर पाए। उन्होंने 44 गेंद पर 65 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है। जिम्बाब्वे ने इससे पहले 2007 के टी20 विश्व कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं जबकि जिम्बाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिम्बाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। जिम्बाब्वे ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए।

विकेटकीपर तादिवानाशे मारुमानी (35) और रयान बर्ल (35) ने भी उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान सिकंदर रजा 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नाबाद रहे। जिम्बाब्वे के विकेट बचे हुए थे और वह जोखिम भरे शॉट खेल सकता था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसकी पूरी पारी में सिर्फ एक छक्का लगा।

ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। जोश इंग्लिश (08) में पारी के पहले ओवर में सिकंदर रजा पर छक्का लगाया। इस ओवर में 13 रन बने लेकिन इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पारी लड़खड़ा गई।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए मुजरबानी ने पारी के दूसरे ओवर में अपनी पहली गेंद पर ही इंग्लिश को आउट कर दिया जबकि कैमरन ग्रीन और टिम डेविड खाता भी नहीं खोल पाए। इवांस ने ग्रीन को विकेट के पीछे कैच कराया जबकि मुजरबानी ने डेविड को आउट करके अपना दूसरा विकेट लिया।

# सोयबीन तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन तेल में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

■ एक ओर बाजार में जहां सोयाबीन तेल टूटा है तो पाम-पामोलीन की कहां से मांग बढ़ सकती है।

विदेशी बाजारों में गिरावट रहने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में शुक्रवार को सोयाबीन तेल-तिलहन तथा पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट आई जबकि दाम ऊंचा बोले जाने से सरसों तेल-तिलहन तथा मांग बढ़ने के कारण बिनौला तेल के दाम में मजबूती रही। सामान्य एवं सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर बने रहे।

शिकॉगो एक्सचेंज बृहस्पतिवार रात दो प्रतिशत टूटा था और फिलहाल भी यहां 1.5 प्रतिशत की गिरावट है। जबकि मलेशिया एक्सचेंज दोपहर साढ़े तीन बजे मामूली सुधार के साथ बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने बताया कि विशेषकर शिकागो एक्सचेंज में बृहस्पतिवार को भी करीब दो प्रतिशत की गिरावट थी और अभी भी यहां गिरावट है जिसका असर आयातित तेल-तिलहनों पर दिखाई दिया और सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में गिरावट आई। ब्राजील में सोयाबीन की फसल काफी अच्छी है और वहां के व्यापारी तीन-चार महीने आगे के सौदे, मौजूदा हाजिर दाम से लगभग आठ रुपये किलो नीचे बेच रहे हैं।

अगर मौजूदा रुख बना रहा तो इसका असर सरसों कीमत पर देखने को मिल सकता है। वहीं, जाड़े में पाम-पामोलीन की मांग कमजोर बने रहने के कारण पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट रही। मलेशिया एक्सचेंज में मामूली सुधार जरूर है मगर यह पाम-पामोलीन की मांग बढ़ाने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि एक ओर बाजार में जहां सोयाबीन तेल टूटा है तो पाम-पामोलीन की कहां से मांग बढ़ सकती है।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़का

**सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए**

**मुंबई, एजेंसी।**



वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बीच शुक्रवार को धातु, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और जिंस शेयरों में भारी बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,048 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 336 अंक टूटा।

कारोबारियों ने कहा कि कंपनियों के तिमाही नतीजों के उम्मीद से कम रहने और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े गतिरोधों के कारण प्रौद्योगिकी कंपनियों पर बढ़ते दबाव ने निवेशक धारणा को कमजोर किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,048.16 अंक यानी 1.25 प्रतिशत गिरकर 82,626.76 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,140.37 अंक लुढ़ककर 82,534.55 अंक के निचले स्तर तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 336.10 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूटकर 25,471.10 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 362.9 अंक गिरकर 25,444.30 अंत तक आ गया था।

सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 में से 28 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। हिंदुस्तान यूनिलीवर, इटर्नल, टाइटन, टाटा स्टील, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, पावरग्रिड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, केवल बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर ही बढ़त में बंद हुए। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा, कंपनियों के नतीजे उम्मीद से कम रहने और एआई से पैदा हुई चिंताओं के असर में बाजार धराशायी हो गए। निफ्टी का आईटी सूचकांक 10 महीनों के निचले स्तर तक आ गया था लेकिन बाद में थोड़ा सुधार के साथ बंद हुआ। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.90 प्रतिशत गिर गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 1.19 प्रतिशत टूटा।

क्षेत्रवार सूचकांकों में धातु खंड में सर्वाधिक 3.21 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि रियल्टी खंड में 2.27 प्रतिशत, जिंस खंड में 2.27 प्रतिशत, उपयोगिता खंड में 2.26 प्रतिशत और ऊर्जा खंड में 1.94 प्रतिशत की गिरावट रही।

## बिजनेस सुर्खियां

# बैंक अधिकतम 75 प्रतिशत अधिग्रहण राशि को कर सकेंगे वित्तपोषित: आरबीआई

**मुंबई, एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण पर अंतिम दिशानिर्देश जारी करते हुए बैंकों के लिए ऋण सीमा बढ़ाकर सौदे के मूल्य का अधिकतम 75 प्रतिशत कर दिया।

इसके पहले मसौदा नियमों में यह सीमा 70 प्रतिशत प्रस्तावित थी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कुल बैंक वित्तपोषण अधिग्रहण मूल्य के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा, जिसका स्वतंत्र आकलन संबंधित बैंक द्वारा किया जाएगा। शेष राशि अधिग्रहण करने वाली कंपनी को अपने संसाधनों से जुटानी होगी।

नए नियमों के तहत बैंक प्रवर्तकों की हिस्सेदारी को भी वित्तपोषित कर सकेंगे, बशर्ते अधिग्रहण के बाद ऋण-इक्विटी अनुपात निरंतर आधार पर 3:1 से अधिक न हो।

अधिग्रहीत इक्विटी शेयर या अनिवार्य रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर किसी भी प्रकार के भार से मुक्त होने चाहिए।

# यस बैंक के एनपीए मे 0.3 प्रतिशत रिकावरी दर्ज की : एन बनोड़कर

**नई दिल्ली,मेट्रो मीडिया।**



यस बैंक उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को लगातार मजबूत कर रहा है। इस क्षेत्र में बैंक का सबसे बड़ा शाखा नेटवर्क है। 31 दिसंबर, 2025 तक बैंक की भारत भर में कुल 1,328 शाखाएँ हैं, ये नई शाखाएँ एन सी आर रीजन के अलावा अन्य राज्यों में विस्तार किया जायेगा यह कहना था यस बैंक के ग्रुप चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर, निरंजन बानोडकर का उन्होंने दिल्ली के चाणक्य पूरी स्थित ब्रांच में एक प्रेस वार्ता में अपने आने वाले विजन, चुनोतीयों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया की ग्राहकों को सेवा प्रदान करने के लिए बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

पिछले दो वर्षों में, यस बैंक ने देश भर में कुल 149 नई शाखाएँ खोली हैं। यह इस अवधि के दौरान पूरे भारत में खोली गई सभी नई शाखाओं का 35.6% है। यह विस्तार, यस बैंक की शाखा-आधारित और डिजिटल-प्रथम नेटवर्क बनाने की रणनीति के अनुरूप किया गया है।

बैंक की रणनीति पर टिप्पणी करते हुए ऑफिसर, निरंजन बानोडकर ने कहा, "यस बैंक, उत्तर भारत को एक रणनीतिक प्राथमिकता क्षेत्र मानते हुए जिम्मेदारी के साथ विकास करने पर महत्व देता रहा है।

मौजूदा शाखा नेटवर्क और विस्तार प्रयासों, दोनों के लिहाज से यह क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर हमारी सबसे बड़ी उपस्थिति को दर्शाता है।अधिकारी निरंजन ने कहा इस तेजी से बढ़ते बाजार में अपने वितरण को मजबूत करने और ग्राहकों को सेवा प्रदान करने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।


**FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**

Regd. Office: 25,Bazar Lane, Bengali Market, New-Delhi-110001
CIN: L51503DL1986PLC024329, Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015
E-mail: firl.nbfc@gmail.com, Website: www.firl.co.in

**UN-AUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED 31ST DECEMBER, 2025**
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015

(Rs. In Lacs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
| | | 31.12.2025 Unaudited | 30.09.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.12.2025 Unaudited | 31.12.2024 Unaudited | 31.03.2025 Audited |
| 1. | Total Income | 19.40 | 14.13 | 19.40 | 53.58 | 75.74 | 83.98 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 5.57 | 1.87 | 5.57 | 13.83 | 42.58 | 20.82 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 5.57 | 1.87 | 5.57 | 13.83 | 42.58 | 20.82 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1.32 | (2.34) | (5.18) | 4.21 | 39.22 | 13.33 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax) | 1.32 | (2.34) | (5.18) | 4.21 | 39.22 | 4,494.84 |
| 6. | Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share) | 147.39 | 147.39 | 147.39 | 147.39 | 147.39 | 147.39 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations) Basic: | 0.09 | (0.16) | (0.35) | 0.29 | 2.66 | 0.90 |
| | Diluted: | 0.09 | (0.16) | (0.35) | 0.29 | 2.66 | 0.90 |

Notes :-
1. The above is an extract of the detailed format of the standalone financial results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2025 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of standalone financial results is available on the Stock Exchanges' websites-(www.msei.in) and the Company's website (www.firl.co.in)
2. The above audited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 13th February, 2026.

Place : New Delhi
Date : 13th February, 2025

By order of the Board of Directors
For and on behalf of Fortune Industrial Resources Limited
Sd/-
Nishant Goyal
Whole time Director
DIN: 08153024



**MFL INDIA LIMITED**

(CIN: L63040DL1981PLC012730)
Regd. Office: P-56, P Block, Pandav Nagar, Mayur Vihar Phase -1, East Delhi-110091
Website: www.mflindia.co.in Contact No +91-011-41425137

**EXTRACT OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED DECEMBER 31ST 2025**

(In Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended December 31, 2025 | Quarter Ended September 30, 2025 | Quarter Ended June 30, 2025 | Quarter Ended December 31, 2024 | 9 Month Ended December 31, 2025 | 9 Month Ended December 31, 2024 | Year Ended March 31, 2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total income from operations | 1782.99 | 1596.78 | 1400.22 | 1279.19 | 4780.00 | 3694.29 | 5226.49 |
| Total Expenses | 1771.42 | 1538.33 | 1658.28 | 1276.34 | 4968.03 | 3777.01 | 5257.73 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or extraordinary items) | 11.77 | 58.79 | -258.02 | 8.51 | -187.46 | -36.46 | 17.70 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or extraordinary items) | 11.77 | 58.79 | -258.02 | 8.51 | -187.46 | -36.46 | 17.70 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or extraordinary items) | 76.48 | 379.04 | -258.02 | 8.51 | 197.50 | -36.46 | -82.71 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 76.48 | 379.04 | -258.02 | 8.51 | 197.50 | -36.46 | -82.71 |
| Equity Share Capital | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 | 3602.92 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - | - | - | - |
| Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations) - 1. Basic (Rs.) | 0.02 | 0.11 | -0.00 | 0.00 | 0.05 | -0.01 | -0.02 |
| 2. Diluted (Rs.) | 0.02 | 0.11 | -0.00 | 0.00 | 0.05 | -0.01 | -0.02 |

Note:
1. The above Un-Audited Financial Results reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their Meeting held on February 13, 2025.
2. The above is an extract of the detailed format of Quarter/ year ended Financial Results Filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and year ended financial results are available on the website of the Stock Exchange i.e. www.bseindia.com and of the Company website i.e. www.mflindia.co.in.

Date: 13.02.2026
Place: New Delhi

For MFL India Limited
Sd/-
Anil Thukral
(Managing Director)
DIN: 01168540

